Mob.: 09415321127
: 09935668763
Ph.: 05547-232234

# सद्गुरू कबीर स्मारक संस्थान
# SADGURU KABIR SMARAK SANSTHAN

(80G, 12A. F.C.R.A. Reg.)

**महन्त श्री विचार दास जी साहिब**
**सद्गुरू कबीर समाधि स्थली**
**कबीर चौरा धाम, पो०- मगहर**
**जिला- संत कबीर नगर - 272173 (उ०प्र०), भारत**

**Mahant Shri Vichar Das Ji Sahib**
Sadguru Kabir Smadhi Sthali
Kabir Chaura Dham, Po.- Maghar
Distt.- Sant Kabir Nagar - 272173 (U.P.), Indian
Email : m.vichardas@gmail.com

पत्रांक S-49 | आशीर्वाद–पत्र | दिनांक 18.02-2022

आत्मीय वरिष्ठ संत श्रीयुत महंत नानक दास जी महाराज राजस्थान, केन्द्रीय टी बोर्ड सदस्य भारत सरकार।

भूरिशः मंगलकामनाएं! आशीर्वाद!

हमारे अखिल कबीर पंथ संत समाज के वरिष्ठ महन्त श्री नानक दास जी साहब बहुत अच्छे और सुलझे हुए संत है, जो देश–विदेश में कबीर दर्शन का प्रचार करते है।

यह जानकर अति प्रसंशा हुई कि विश्व वंदनीय संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहब के 504 वां महापरिनिर्वाण के अवसर पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया नई दिल्ली में पहली बार विश्व शान्ति कबीर अवार्ड सम्मान कार्यक्रम सद्गुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान भारत, टी बोर्ड ऑफ इण्डिया भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कर रहे है।

जिसमें देश–विदेश के तथा अलग–अलग प्रदेशों के व्यक्तित्व के धनी, समाज सेवी, पर्यावरण प्रेमी, नशा मुक्ति, समाज सुधारक, सामाजिक समरसता, सद्भाव, सम्भाव, विश्व शान्ति के लिए समर्पण भाव से देश भक्ति के साथ सेवा करते हैं। भक्ति और कर्म का जीवन में क्या महत्व है, कबीर साहब जी का जीवन इसका साक्षात प्रमाण है। उच्च मानवीय आदर्शो से भरे उनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

एक भक्त, कवि और समाज सुधारक महापुरूष के रूप में समाज की समस्याओं पर उनका सहज ज्ञान और अनुभूति अनूठी थीा। ऐसे समय में जब जातिवाद, आतंकवाद, वर्ण व्यवस्था, धार्मिक अंधविश्वास और कुरीतियो ने समाज को जकड़ रखा था। कटुता की भावना हावी थी। जब सद्गुरू कबीर साहब ने शान्ति और सद्भावना की अलख जगाई थी। उन्होने समाज को संघर्ष का रास्ता छोड़कर मेल की ओर प्रेरित करने का प्रण लिया। उनके दोहे और चौपाईयों ने एक तरफ सामाजिक कुरीतियों का तीखा विरोध किया तो दूसरी ओर शान्तिपूर्ण सह अस्तितत्व की राह भी दिखाई। आज पूरी दुनिया आतंकवाद, हिंसा, टकराव से जूझ रही है, ऐसे में महान संत सम्राट सद्गुरू कबीर का जीवन व विचार मानवता की राह दिखाते है। सद्गुरू कबीर साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके विचारों के मर्म को समझना और उन्हे आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मै आयोजित कार्यक्रम की सफलता हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

धन्यवाद! आशीर्वाद!

विचारदास

(आचार्य महन्त विचारदास साहेब)
प्रबन्धक / सचिव
सद्गुरू कबीर स्मारक संस्थान
कबीर चौरा धाम मगहर, सन्तकबीरनगर
उ० प्र० पिन–272173

**बेबीरानी मौर्य**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
(पूर्व राज्यपाल उत्तराखण्ड)

**भारतीय जनता पार्टी**
Bharatiya Janata Party



# शुभकामना संदेश :-

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई की सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्था बड़ी खाटू के तत्वाधान मैं संत कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है यह अत्यंत हर्ष का विषय है |

क्योंकि कबीर साहेब जी एक समाज सुधारक थे, उन्होंने अपनी वाणी से सोए हुए समाज को जागरूक करने का पुण्य कार्य किया, उस समय समाज में जो बुराइयां व्याप्त थी उन्होंने उन बुराइयों पर कुठाराघात करने का पुरजोर एवं सफल प्रयास किया, जिससे समाज में व्याप्त बुराइयां दूर हो सकें..

ऐसे महापुरुष को मैं सादर नमन वंदन करती हूं !

इस विशेष व शुभ अवसर पर सामाजिक पर्यावरण व नशा मुक्ति आदि विशेष कार्य से संबंधित समाज सेवकों को राष्ट्रीय संत कबीर अवार्ड सम्मान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां..

दिनांकः- 24/12/21

**बेबीरानी मौर्य**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
(पूर्व राज्यपाल उत्तराखण्ड)

**कार्यालय** : 6-ए, पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 दूरभाष : 011-23000000

**निवास** : 4/ए, करियप्पा रोड, आगरा-282001
**मोबाइल** : +91 9412260004, 9457704616 **फैक्स** : 0562-2971888
**ई-मेलः** pkmbrm1956@gmail.com

LIEUTENANT GOVERNOR
JAMMU & KASHMIR

RAJ BHAVAN
JAMMU-180001

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान- बड़ीखाट्र हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सम्राट सद्‌गुरु कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव मना रहा हैं।

पूज्य संत कबीर जी ने अपनी वाणी से सभी के बीच जो प्रेम और बंधुत्व का सबसे सरल संदेश फैलाया, वह अनंत काल तक मानवता को प्रेरित करता रहेगा।

मैं संत कबीर जी की पुण्यस्मृति को कोटि-कोटि नमन करता हूँ, और इस महोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देता हूँ।

मनोज सिन्हा
(मनोज सिन्हा)

०२ जनवरी, २०२२
जम्मू

भगत सिंह कोश्यारी
राज्यपाल, महाराष्ट्र राज्य

सत्यमेव जयते

राज भवन
मलबार हिल
मुंबई ४०० ०३५
दूरध्वनी : ०२२-२३६३ २६६०
फॅक्स : ०२२-२३६८ ०५०५

२२ दिसंबर २०२१

# शुभ कामना

सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान - बड़ी खाटू के तत्वाधान में संत कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव आयोजन किया जा रहा है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।

इस विशेष व शुभ अवसर पर सामाजिक, पर्यावरण व नशा मुक्ति आदि विशेष कार्यों से संबंधित समाजसेवकों को **"राष्ट्रीय संत कबीर अवार्ड"** सम्मान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाऐं व बधाईयां।

धन्यवाद।

भवदीय

(भगत सिंह कोश्यारी)
राज्यपाल, महाराष्ट्र

सत्यमेव जयते

**मुख्य मंत्री**
राजस्थान

मुम./संदेश/ओएसडीएफ/2022
जयपुर, 31 जनवरी, 2022

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि सतगुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान, बड़ी खाटू के तत्वावधान में 12 फरवरी, 2022 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में सद्गुरू कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

संत कबीर देश के उन महात्माओं में से थे जिन्होंने अपनी वाणी से समाज को अध्यात्म, दर्शन, समाज सुधार और सामाजिक समरसता का सन्देश दिया। यह शुभ है कि इस अवसर पर नशा मुक्त चरित्रवान समाज का निर्माण, सामाजिक और पर्यावरण क्षेत्र में उच्चकोटि का कार्य करने वाले महानुभावों को "राष्ट्रीय संत कबीर अवार्ड" से सम्मानित किया जा जाएगा।

आशा है संत कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव के कार्यक्रम आध्यात्मिक आस्था के साथ श्रद्धालुओं में आपसी प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार करने वाले होंगे।

मैं महात्मा संत कबीर को श्रद्धापूर्वक स्मरण और नमन करते हुए सभी सम्मानित होने वाले महानुभावों को हार्दिक बधाई और इस महोत्सव की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**(अशोक गहलोत)**

संत श्री नानकदास जी महाराज, संस्थापक अध्यक्ष,
सतगुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान, छापरी डूंगरी,
संत कबीर नगर, मु.पो. बड़ी खाटू,
तहसील जायल, जिला नागौर–341301(राज.)

पानी बचाओ – बिजली बचाओ – सबको पढ़ाओ – बेटी बचाओ – वृक्ष लगाओ

MANGUBHAI PATEL
GOVERNOR, MADHYA PRADESH
BHOPAL - 462052

सत्यमेव जयते

मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
भोपाल - 462052

क्रमांक 025/राजभवन/2022
भोपाल, दिनांक-17 जनवरी, 2022

# संदेश

हर्ष का विषय है कि सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ीखाटू नागौर राजस्थान द्वारा 12 फरवरी को संत सम्राट सद्‌गुरु कबीर का 504वां महापरिनिर्वाण महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर समाज सेवियों को **राष्ट्रीय संत कबीर अवार्ड** से सम्मानित किए जाने की पहल सराहनीय है।

कबीर का कालजयी व्यक्तित्व मानवता का ज्योतिपुंज है। कबीर ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा तर्कबुद्धि को सच्ची शिक्षा बताया है। उन्होंने कर्म तथा स्वावलम्बन की शिक्षा दी। विचारों की उच्चता को प्रतिष्ठा दी। आडम्बरों, कुरीतियों, जड़ता, मूढ़ता एवं अंधविश्वासों का तर्कपूर्ण और यथार्थ के धरातल पर खंडन कर समाज में सद्भाव और भाईचारे की परम्परा को मज़बूती प्रदान की है।

आशा है, महापरिनिर्वाण महोत्सव सद्‌गुरु कबीर के विचारों के प्रसार, सामाजिक सद्भाव और समावेशी समाज के निर्माण में सहभागी होगा।

**शुभकामनाएं,**

(मंगुभाई पटेल)

दूरभाष : 0755-2858828, 2858830, फैक्स : 0755-2858832, ई-मेल : mprajbhavan@mp.gov.in

**Dr. Arushi Malik**
IAS
Secretary
**डॉ. आरुषी मलिक**
आई.ए.एस.
शासन सचिव

**Animal Husbandry, Fisheries and Gopalan Department**
**Government of Rajasthan**
**पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग**
**राजस्थान सरकार**

## :: सन्देश ::

हर्ष का विषय है कि सद्गुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान बडीखाटू, नागौर द्वारा संत सम्राट सद्गुरू कबीर का 504वां महापरिनिर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं।

संत कबीर जी का व्यक्तित्व मानवता का ज्योतिपुंज हैं। उन्होंने अपनी वाणी से प्रेम, बंधुत्व, कर्म तथा स्वालम्बन की शिक्षा दी तथा साथ ही समाज में फैले हुए आडम्बरों, कुरीतियों, एवं अंधविश्वासों का तर्कपूर्ण खंडन किया।

महापरिनिर्वाण महोत्सव, सद्गुरू कबीर के विचारों के प्रचार–प्रसार, सामाजिक सौहार्द और समावेशी समाज के निर्माण में सहभागी होगा।

शुभेच्छु,

(डॉ. आरूषी मलिक)

Room No.1040, Main Building, Government Secretariat, Jaipur Ph.: +91-141-2227683 • E-mail-secy-ah-rj@nic.in
कमरा नं.1040, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर-302005 फोन (कार्या.) 0141-2227683



**SABU THOMAS**
*Aide-de-camp*
*to*
*The Governor of Karnataka*

✆ : 080-2225 4102
Fax : 080-2225 3555
Mobile : 09972999902

No. GS 144: ADC: 2021

21st Dec.2021

To

The President,
Satguru Kabir Ashram Seva Sansthan,
Badikhatu, Teh. Jayal,
Dist. Nagore-341301
Rajasthan.

Sir,

Please refer to your letter dated 12th September 2021 inviting the Hon'ble Governor of Karnataka.

I have been directed to inform you that, due to pre-occupation, the Hon'ble Governor of Karnataka will not be able to attend the said programme. However the Hon'ble Governor has conveyed his best wishes.

Yours faithfully,

(SABU THOMAS)
ADC to Governor

Raj Bhavan, Bengaluru - 560 001 (Karnataka) E-mail : adcp.rbblr-ka@gov.in

**भगत सिंह कोश्यारी**
राज्यपाल, महाराष्ट्र राज्य

सत्यमेव जयते

**राज भवन**
मलबार हिल
मुंबई ४०० ०३५
दूरध्वनी : ०२२-२३६३ २६६०
फॅक्स : ०२२-२३६८ ०५०५

**२२ दिसंबर २०२१**

# शुभ कामना

सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान - बड़ी खाटू के तत्वाधान में संत कबीर महापरिनिर्वाण महोत्सव आयोजन किया जा रहा है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।

इस विशेष व शुभ अवसर पर सामाजिक, पर्यावरण व नशा मुक्ति आदि विशेष कार्यों से संबंधित समाजसेवकों को **“राष्ट्रीय संत कबीर अवार्ड”** सम्मान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएें व बधाईयां।

धन्यवाद।

भवदीय

(भगत सिंह कोश्यारी)
राज्यपाल, महाराष्ट्र

